NEWS CLIPPING: 07.06.2020

HINDUSTAN

आसपास की साफ-सफाई और स्वच्छता का संकल्प

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट 'विश्व पर्यावरण दिवस' के मौके पर शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

'वर्तमान पर्यावरण परिदृश्य तथा सतत विकास' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीबी बल्लभगढ़ के पूर्व महानिदेशक डॉ. के मोहन मुख्य अतिथि और पूर्व महाप्रबंधक डॉ. एनके तिवारी मुख्य वक्ता के रुप में मौजूद रहे। एनएसएस समंवयक डॉ. प्रदीप के डिमरी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जैव विविधता के विषय में जानकारी दी। जबकि डॉ केके मोहन ने सीमेंट उद्योग के विषय में बताया। इसका समन्वय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिंदू मंगला ने की। एनएसएस कार्यकत्ताओं की पांच टीमों के साथ एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। भूमि, उर्जा, संजीवनी, स्वच्छता और जलजीवन पर चर्चा किया गया। प्रतिभागियों ने अपने घर, परिसर और आसपास की सफाई और स्वच्छता का संकल्प लिया।शिक्षण संस्थानों के करीब 100 एनएसएस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

NEWS CLIPPING: 07.06.2020

PUNJAB KESARI

सेमिनार में पर्यावरण स्वच्छता का लिया संकल्प

फरीदाबाद, 6 जून (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वर्तमान पर्यावरण परिदृश्य तथा सतत विकास विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीबी बल्लभगढ़ के पूर्व महानिदेशक डॉ. के. मोहन मुख्य अतिथि और पूर्व महाप्रबंधक डॉ. एन.के. तिवारी मु य वक्ता रहे। डॉ. तिवारी ने अपने संबोधन में स्थिरता और जैव विविधता के बारे में बताया। इस अवसर पर बोलते हुए. डॉ के. के. मोहन ने सतत विकास में सीमेंट उद्योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिंदू मंगला द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर्स की पांच टीमों के साथ एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। टीमों को पर्यावरण के विषय जैसे भूमि, उर्जा, संजीवनी, स्वच्छता और जलजीवन पर नामित किया गया था, जिसमें स्वच्छता तथा प्रदूषण एवं इसके नियंत्रण पर एक स्वस्थ चर्चा हुई। सत्र संवादात्मक रहा। सभी प्रतिभागियों ने अपने घर, परिसर और आसपास की सफाई और स्वच्छता का संकल्प लिया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के लगभग 100 एनएसएस वालंटियर्स और कार्यक्रम अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

NEWS CLIPPING: 07.06.2020

THE PIONEER

पर्यावरण पर सेमिनार आयोजित

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में 'वर्तमान पर्यावरण परिदृश्य तथा सतत विकास' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीबी बल्लभगढ़ के पूर्व महानिदेशक डॉ केके मोहन मुख्य अतिथि और पूर्व महाप्रबंधक डॉ. एनके तिवारी मुख्य वक्ता रहे। एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप के डिमरी ने अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. तिवारी ने अपने संबोधन में स्थिरता और जैव विविधता के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ केके मोहन ने सतत विकास में सीमेंट उद्योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिंदू मंगला द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर्स की पांच टीमों के साथ एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 07.06.2020

NAVBHARAT TIMES

स्वच्छता व प्रदूषण पर हुई चर्चा

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जेसी बोस यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की तरफ से वर्तमान पर्यावरण परिदृश्य व सतत विकास विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीबी बल्लभगढ़ के पूर्व महानिदेशक डॉ. के. के. मोहन मुख्य अतिथि व पूर्व महाप्रबंधक डॉ. एन. के. तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान स्वच्छता, प्रदूषण व इसके नियंत्रण पर चर्चा हुई।